ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 59 ]
Total No. of Questions : 59 ]

# C

# CCE PR
# NSR & NSPR

Question Paper Serial No. **100**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ: **06-H**

**Code No. : 06-H**

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : First Language — HINDI

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Private Repeater / NSR & NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2022 ] [ Date : 28. 06. 2022
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ] [ Max. Marks : 125

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 59 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** **10 × 1 = 10**

1. 'सभ्य' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) असभ्य (B) अलभ्य

   (C) सभ्यता (D) संस्कार ।

2. 'लेखक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) लेखनी (B) लेखिका

   (C) लिखाई (D) लिखावट ।

3. 'लड़का' शब्द का बहुवचन रूप है –

   (A) लड़कियाँ (B) लकड़ी

   (C) लड़कपन (D) लड़के ।

4. निम्नलिखित में से 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया' रूप है –

   (A) चाल (B) चलनशील

   (C) चलाना (D) चलें ।

5. 'अंबर' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

   (A) धरती (B) आसमान

   (C) जल (D) वायु ।

6. निम्नलिखित में से 'उपसर्ग' युक्त शब्द है –

(A) गरमाहट (B) भाग्यशाली

(C) अहिंसा (D) सामाजिक ।

7. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) तैयार रहना (B) सहायता करना

(C) अपमान करना (D) भाग जाना ।

8. निम्नलिखित में से 'भाववाचक संज्ञा' रूप है –

(A) व्यक्ति (B) अपना

(C) वीर (D) गंभीरता ।

9. निम्नलिखित में से 'प्रत्यय' युक्त शब्द है –

(A) लिख (B) पढ़ाई

(C) गरम (D) मास ।

10. पेड़ .................. पत्ता गिरा । रिक्त स्थान के लिए उचित कारक है –

(A) में (B) पर

(C) को (D) से ।

**II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।**

**5 × 1 = 5**

11. सांगोपांग : गुण संधि :: परमात्मा : ...................................... ।

12. राजकुमार : तत्पुरुष समास :: माँ-बाप : .................................... ।

13. जो अभिनय करती है : अभिनेत्री :: जो पढ़ा-लिखा न हो : ................ ।

14. मोहन गाता है : वर्तमान काल :: मोहन ने गीत गाया : ....................... ।

15. कावेरी : संज्ञा :: वह : ................................ ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए । 8 × 1 = 8**

16. मुरलीधर कौन है ?

17. तावीज़ कहाँ तैयार होने लगे ?

18. मन्नुजी के पिता को अजमेर क्यों जाना पड़ा ?

19. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

20. नवीन जी के अनुसार किस रोग का विध्वंस करना है ?

21. अज्ञेय जी उधार देने से क्यों डरते हैं ?

22. नेपोलियन किससे टकरा गया ?

23. गाँधीजी को दक्षिण अफ्रीका क्यों जाना पड़ा ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दा या तीन वाक्यों में लिखिए ।** **15 × 2 = 30**

24. रुपया ठाकुर जी से बड़ा है । कैसे ?

25. पानी पीने के संबंध में कौन-कौन से नियम बनाये गये हैं ?

26. पैरों में कील के चुभने पर भी रवीन्द्रनाथ चुप क्यों थे ?

27. ट्रेन में बोरिस का व्यवहार कैसा था ?

28. नवीनजी के अनुसार सामाजिक कुरीतियों को कैसे मिटाना चाहिए ?

29. अनदेखे अरूप ने प्यार को कैसे वापस लौटाने की बात कही ?

30. माँ ने नेपोलियन से क्या कहा ?

31. नेपोलियन और उसकी बहन के चरित्र में पाये जानेवाले अंतर को स्पष्ट कीजिए ।

32. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन सा है ?

33. परिश्रमी व्यक्ति जीवन के रेतीले मैदानों को कैसे पार कर सकते हैं ?

34. रुपया इस युग के बारे में क्या कह रहा है ?

35. नदी के पुल से दिखाइ देनेवाले दृश्य का वर्णन कीजिए ।

36. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या-स्थान कैसे बना है ?

37. पिछड़ा आदमी और दूसरे लोगों के खाने का ढंग क्या था ?

38. परिश्रम करनेवाले क्या-क्या कर सकते हैं ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए । 2 × 3 = 6**

39. मन्नू भंडारी ।

40. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

41. जो गरीब सो हित करै, धनि रहीम वे लोग ।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

42. कंकन किंकिनि नूपुर बाजाहि ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **4 × 3 = 12**

43. ''आप इस शख्स को जानते हैं ?''

44. ''मैं उसी के पास इस बदनसीब बच्चे को ले जा रही हूँ ।''

45. ''उसे देखा नहीं जा सकता, अनुभव किया जा सकता है ।''

46. ''वो संतरी हमारा, वो पासबा हमारा ।''

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** **6 × 3 = 18**

47. गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

48. शुक्लजी और उनके मित्र द्वारा एक दूसरे पर किये गये व्यंग्य के बारे में लिखिए ।

49. कबीर के अनुसार साधु को कैसा होना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए ।

50. सिपाही ने सरायवाले से बच्चे और स्त्री को सराय से निकालने के लिए क्यों कहा ? स्पष्ट कीजिए ।

51. मन्नूजी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भूमिका कैसे निभाई ? विवरण दीजिए ।

52. 'सवेरे उठा तो धूप खिली थी' कविता में व्यक्त प्रकृति का वर्णन कीजिए ।

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

53. जग में सुख ................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

........................................................................ को गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर ................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

........................................................................ स्वजीवन सारा ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** **4**

54. अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानो दही मथकर माखन पाना है

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए ।** **2 × 4 = 8**

55. वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'कर्नाटक विद्यावर्धक संघ' की प्रगति में वेंकटरावजी के योगदान के बारे में लिखिए ।

56. सेठजी के अनुसार मनुष्यत्व सभी धर्मों से बड़ा है । कैसे ? समझाइए ।

**अथवा**

'सच्चा धर्म' पाठ के आधार पर पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **2 × 2 = 4**

57. धृतराष्ट्र जन्मान्ध थे, किन्तु उनकी भुजाओं में बड़ी शक्ति थी । महाभारत युद्ध के उपरान्त जब उन्हें पता चला कि ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन सहित उनके सभी पुत्र भीम के ही हाथों मारे गए तब उनमें भीम से प्रतिरोध लेने की इच्छा जाग उठी । उन्होंने सामने भीम की प्रशंसा करके, उसको अपनी बाहों में लेकर मार डालना चाहा । मगर कृष्ण ने धृतराष्ट्र के मन की बात समझकर, भीम के स्थान पर लोहे की मूर्ति को बढ़ा दिया । धृतराष्ट्र ने उस मूर्ति को ही भीम समझकर चूर-चूर कर डाला ।

a) धृतराष्ट्र भीम से प्रतिशोध क्यों लेना चाहते थे ?

b) कृष्ण ने भीम की रक्षा कैसे की ?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **1 × 5 = 5**

58. कोई कारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

पढ़ाई के महत्व को समझाते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह-पन्द्रह वाक्यों में निबंध लिखिए ।** **1 × 5 = 5**

59. i) राष्ट्रीय त्योहार

ii) समाचार पत्र ।